# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2019-20
## राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)
## जिला मण्डी (हि. प्र.)

# ग्यारहवाँ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**मुख्यातिथि :**
श्री. ऋग्वेद मिलिंद ठाकुर
उपायुक्त मण्डी

**प्रस्तुतकर्ता :**
डॉ. वाई .पी. शर्मा
प्राचार्य

# स्वागत सम्बोधन

आज के समारोह के मुख्यातिथि आदरणीय श्री ऋग्वेद मिलिंद ठाकुर, उपायुक्त, जिला मण्डी हि.प्र., उपस्थित सभी गणमान्य अतिथिगण, पी. टी. ए. कार्यकारिणी, ओ. एस. ए. कार्यकारिणी, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं प्यारे विद्यार्थियों |

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)के ग्यारहवें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर कर्मठ एवं सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के स्वामी श्री ऋग्वेद मिलिंद ठाकुर के हमारे मध्य पधारने पर हम सब गर्व का अनुभव कर रहे हैं| मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्यातिथि जी का हार्दिक अभिनन्दन और स्वागत करता हूँ | महोदय, आपने हमारे विनम्र अनुरोध पर महाविद्यालय पधार कर हमे गौरवान्वित किया है| जिसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं |

मान्यवर, पारितोषिक वितरण समारोह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है जिसमे होनहार छात्रों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल-कूद के क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करके सम्मानित किया जाता है | अन्य छात्रों के लिए भी यह एक प्रेरणात्मक अनुभव होता है | आप जैसे एक गम्भीर विचारक, समाजसेवी एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थी स्वयं को सौभाग्यशाली समझेंगे | एक बार फिर महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ |

मान्यवर, सन 2007 को इस महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ था | महाविद्यालय के इस क्षेत्र में खुलने से यहाँ के स्थानीय बच्चो को विशेष लाभ हुआ है | मान्यवर जुलाई 2016 से वाणिज्य की कक्षाएं तथा 2018 से विज्ञान संकाय की कक्षाएं इस महाविद्यालय में शुरू हुई है | इस महाविद्यालय से शिक्षित विद्यार्थी समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं, इसके साथ साथ इस महाविद्यालय ने अपनी प्रारंभिक अवस्था में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं |

मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ |

धन्यवाद, श्रीमान जी |

# वर्गानुसार छात्र संख्या

वर्ष 2007 में जहां इस महाविद्यालय में 40 के करीब छात्रों ने प्रवेश लिया, वही यह संख्या इस सत्र में 400 हो गयी है | महाविद्यालय में न केवल सख्या में वृद्धि दर्ज की अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का प्रयास किया है | इस शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में **400 छात्र- छात्राओं** ने प्रवेश लिया | इनमे **260 छात्राएं** तथा **140 छात्र** हैं | जिनका विवरण निम्नलिखित है :

| कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित वर्ग | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| बी.एस.सी प्रथम वर्ष | 8 | 13 | 21 | 6 | 6 | 12 | 1 | 1 | 2 | 15 | 20 | 35 |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 3 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 14 |
| बी० ए० प्रथम वर्ष | 12 | 47 | 59 | 24 | 28 | 52 | 5 | 2 | 7 | 42 | 76 | 118 |
| बी.एस.सी द्वितीय वर्ष | 1 | 2 | 3 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 4 | 5 |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 8 | 5 | 13 | 0 | 2 | 2 | 0 | 1 | 1 | 8 | 8 | 16 |
| बी० ए० द्वितीय वर्ष | 9 | 43 | 52 | 16 | 32 | 48 | 0 | 3 | 3 | 25 | 78 | 103 |
| बी.कॉम.पंचम सत्र | 3 | 4 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 4 | 7 |
| बी० ए० पंचम सत्र | 12 | 55 | 67 | 19 | 7 | 26 | 6 | 3 | 9 | 37 | 65 | 102 |
| कुल | 56 | 172 | 228 | 69 | 78 | 147 | 14 | 11 | 25 | 140 | 260 | 400 |

# वार्षिक परीक्षा परिणाम

किसी भी शिक्षा संस्थान के स्तर की कसौटी को जांचने के लिए उसके परीक्षा परिणाम का वेहतर रहना अनिवार्य होता है |वर्तमान में  हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा यू. जी. सी (सी. बी. सी. एस.) रूसा पद्धति को अपनाया गया है | राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेस्टर सिस्टम के आधार पर ग्रेड सिस्टम को अपनाया गया है | इसमें पहले रोल ऑन पद्धति के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाता था | इस प्रणाली में सत्र 2016 से वार्षिक परीक्षा पद्धति को अपनाया गया, जिसमे छात्रों को उत्तीर्ण– अनुतीर्ण करके परीणाम दिया गया | महाविद्यालय के बी ए प्रथम वर्ष में 123 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमे 89 छात्र परीक्षा में उतीर्ण हुए, बी कॉम में 18 छात्रों में से 9 छात्र उतीर्ण हुए और बी एस सी प्रथम वर्ष में 7 में से  1 छात्र उतीर्ण हुआ | छात्रों का  परीक्षा परिणाम बी. ए. में 73%, बी. कॉम. में 50% तथा बी. एस सी. में 17%  रहा|

# कॉलेज केंद्रीय छात्र संघ (CSCA)

14 सितम्बर 2019 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में कॉलेज केंद्रीय छात्र संघ (CSCA) के सदस्यों का चयन अकादमिक वरियता के आधार पर किया गया | जिनमें निम्नलिखित पदाधिकारी चयनित किये गए:-

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान | भावना | बी .ए. छठा सत्र |
| उप- प्रधान | कुशाल चंद | बी. ए. द्वितीय वर्ष |
| सचिव | विनोद कुमार | बी .ए. प्रथम वर्ष |
| सयुंक्त सचिव | कुशाल ठाकुर | बी. एस सी. प्रथम वर्ष |

इनके अलावा 19 छात्रों को कक्षा प्रतिनिधि ,सांस्कृतिक,खेल कूद,एन.एस.एस. रोवरज – रेंजरज व विभिन्न समितियों से वरियता के आधार पर चयनित किया गया |

## छात्रवृतियां

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की योग्यता को बढाने के लिए ऑन लाइन छात्रवृति प्रदान की जा रही है जिसमें वर्ष 2019-20 में महाविद्यालय के 55 छात्रों ने आवेदन किया है | जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

| **क्रम संख्या** | **वर्ग** | **कुल् छात्र** |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति (SC) | 35 |
| 2. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 02 |
| 3. | कल्पना चावला छात्रवृति | 07 |
| 4. | डॉ० अम्बेडकर छात्रवृति | 11 |
| | **कुल** | **55** |
| | | |

## महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों का विवरण

**प्राचार्य –** डॉ. वाई .पी. शर्मा

### i) शिक्षण स्टॉफ:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ० प्रेम प्रकाश | सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) |
| 2. | डॉ. सुरेन्द्र कुमार | सहायक प्राध्यापक (संगीत– गायन ) |
| 3. | श्री कुशाल सिंह | सहायक प्राध्यापक (हिंदी) |
| 4. | श्री ख्याल चंद | सहायक प्राध्यापक (भूगोल) |
| 5. | श्रीमति किरण देवी | सहायक प्राध्यापिका (समाजशास्त्र) |
| 6. | श्री सुरेश कुमार | सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) |
| 7. | श्री विनोद कुमार | सहायक प्राध्यापक (इतिहास) |
| 8. | श्री देव राज | सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) |
| 9. | श्री ओमकार शरण वरेश्वर सिंह | सहायक प्राध्यापक (राजनीतिक शास्त्र) |
| 10. | श्रीमति अनुपमा शर्मा | सहायक प्राध्यापिका (अंग्रेजी) |
| 11. | श्री बोध राज | सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) |
| 12. | श्री लोमेश्वर | सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) |
| 13. | श्री संजय चौहान | सहायक प्राध्यापक (जन्तु विज्ञान) |
| 14. | डॉ. मनीष कुमार | सहायक प्राध्यापक (रसायन विज्ञान) |
| 15. | डॉ. वीरेंद्र कुमार | सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा) |
| **पी० टी० ए० स्टाफ;-** | | |
| 1. | श्री चितरंजन कुमार | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |

### ii) गैर-शिक्षण स्टॉफ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री किरत सिंह ठाकुर | अधीक्षक ग्रेड –२ (प्रतिनियुक्ति) |
| 2. | श्री विजय कुमार | कनिष्ठ कार्यालय सहायक |
| 3. | श्री राकेश कुमार | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | श्री रमेश कुमार | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| 5. | श्री गंगा राम | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| 6. | श्री देवकी नंदन | प्रयोगशाला परिचर |
| 7. | श्री कमलेश कुमार | प्रयोगशाला परिचर |
| 8. | श्रीमती रुमा देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| 9. | श्री चमन प्रकाश | प्रयोगशाला परिचर |
| 10. | श्री स्वर्ण सिंह | प्रयोगशाला परिचर |
| 11. | श्री बलि राम | सेवादार |
| 12. | श्रीमती भुवनेश्वरी | सेवादार |
| 13. | श्रीमती भामा देवी | सेवादार |
| 14. | श्रीमती दौलतु देवी | सेवादार |
| 15. | श्री लाल सिंह | चौकीदार |
| 16. | श्रीमती खिमी देवी | माली |

## पदग्रहण, स्थानान्तरण, रिक्तियाँ एवम नियुक्तियाँ :

### i) पदग्रहण :

राजकीय महाविद्यालय सराज(लम्बाथाच)में गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों ने पद ग्रहण किया :

a) श्री ओमकार शरण वरेश्वर सिंह प्राध्यापक राजनीतिक शास्त्र विषय में 06 अगस्त 2019 को पद ग्रहण किया |
b) डॉ. प्रेम प्रकाश प्राध्यापक अर्थ शास्त्र विषय में 20 अगस्त 2019 को पद ग्रहण किया |
c) श्री विजय कुमार ने 21 अक्टूबर 2019 को कनिष्ठ कार्यालय सहायक का पद ग्रहण किया |
d) श्री गंगा राम ने 06 दिसम्बर 2019 को कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक का पद ग्रहण किया |
e) श्रीमती रूम देवी ने 09 सितम्बर 2019 को प्रयोगशाला परिचर का पद ग्रहण किया |

### ii) स्थानान्तरण :

सरकारी नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है |इसके अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)से गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों का स्थानान्तरण हुआ :-

a) डॉ लाभ सिंह ठाकुर प्राध्यापक अर्थशास्त्र का स्थानान्तरण 08 अगस्त 2019 को राजकीय महाविद्यालय करसोग को हुआ |
b) श्री राकेश कुमार प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विषय का स्थानान्तरण 08 अगस्त 2019 को राजकीय महाविद्यालय मज्झीन को हुआ|

### iii) रिक्तियां एवम नियुक्तियाँ:

महाविद्यालय में प्राचार्य का 1 पद, प्राध्यापकों के 18 पद स्वीकृत हैं | इन में से 11 पद कला संकाय, 5 पद विज्ञान संकाय व 2 पद बाणिज्य विभाग के लिए सृजित है | इन 18 पदों में से केवल 15 पद भरे गए हैं, शेष 3 पद रिक्त हैं | गैर शिक्षक पदों में 25 पद सृजित हैं जिनमे से 16 पद भरे गए हैं और 9 पद रिक्त हैं| महाविद्यालय में सृजित, नियमित व रिक्त पदों का विवरण निम्नलिखित है:

## महाविद्यालय में स्टॉफ व्यवस्था:

### a) शिक्षक वर्ग :

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 2 | 2 | - |
| 2 | अर्थशास्त्र | 1 | 1 | - |
| 3 | इतिहास | 1 | 1 | - |
| 4 | राजनीति शास्त्र | 1 | 1 | - |
| 5 | भूगोल | 1 | 1 | - |
| 6 | हिन्दी | 1 | 1 | - |
| 7 | संस्कृत | 1 | - | 1 |
| 8 | समाजशास्त्र | 1 | 1 | - |
| 9 | शारीरिक शिक्षा | 1 | 1 | - |
| 10 | संगीत | 1 | 1 | - |
| 11 | वाणिज्य | 2 | 2 | - |
| 12 | रसायन विज्ञान | 1 | 1 | - |
| 13 | वनस्पति विज्ञान | 1 | 1 | - |
| 14 | जंतु विज्ञान | 1 | 1 | - |
| 15 | गणित | 1 | - | 1 |
| 16 | भौतिक विज्ञान | 1 | - | 1 |
| | **कुल** | **18** | **15** | **03** |

### b) गैर शिक्षक वर्ग :

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अधीक्षक ग्रेड –II | 1 | 1 | - |
| 2 | वरिष्ठ सहायक | 1 | - | 1 |
| 3 | लिपिक | 3 | 1 | 2 |
| 4 | पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | - | 1 |
| 5 | सह पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | 1 | - |
| 6 | पुस्तकालय परिचर | 1 | - | 1 |
| 7 | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 1 | 1 | - |
| 8 | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 2 | 1 | 1 |
| 9 | प्रयोगशाला परिचर | 5 | 5 | - |
| 10 | स्टोर कीपर | 1 | - | 1 |
| 11 | रिस्टोरर | 1 | - | 1 |
| 12 | तबलावादक | 1 | - | 1 |
| 13 | सेवादार | 6 | 6 | - |
| | **कुल** | **25** | **16** | **9** |

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

i) डॉ.प्रेम प्रकाश प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने मानव संसाधन मंत्रालय व UGC द्वारा प्रायोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में 22-04-2019 से 11-05-2019 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में भाग लिया |

ii) डॉ.प्रेम प्रकाश प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने UGC AICTE द्वारा संचालित 'स्वयं अर्पित ऑनलाइन कोर्स के अंतर्गत मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत पुनर्श्र्या पाठ्यक्रम में मई 2019 में पूर्ण किया |

iii) डॉ.प्रेम प्रकाश प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने 'एरोपियन जनरल ऑफ़ बिज़नेस एंड सोशल साइंस' में इंडस्ट्रियल सेक्टर इन हिमाचल प्रदेशः वर्तमान स्थिति और भविष्य परिदृश्य विषय में ISSN 2235767X VOL7 में जून 2019 को प्रकाशित हुआ |

iv) श्री कुशाल सिंह प्राध्यापक हिंदी ने मानव संसाधन मंत्रालय व UGC द्वारा प्रायोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में 27-05-2019 से 15-06-2019 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में भाग लिया |

v) श्रीमती किरण देवी प्राध्यापिका समाजशास्त्र विषय ने चंबा महाविद्यालय में आयोजित 'कल्चर डेवलपमेंट एंड सोसाइटी' विषय में आयोजित 2 नवबंर 2019 को राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया |

vi) श्रीमती अनुपमा शर्मा प्राध्यापिका अंग्रेजी विषय ने राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय धर्मशाला में 22 जुलाई 2019 से 03 अगस्त 2019 इंडक्शन प्रोग्राम में भाग लिया |

vii) डॉ. वीरेंद्र कुमार प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा ने आल इंडिया क्रॉस कंट्री रेस प्रतिस्पर्धा में 05-09-2019 से 07-9-2019 तक तेलगाना के आन्ध्रा विश्वविद्यालय में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की महिला टीम के टीम प्रबंधक और प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया |

## अध्यापक-अभिभावक संघ (PTA)

किसी भी शिक्षण संस्थान के कार्यवहन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है | इस सन्दर्भ में 31 जुलाई, 2019 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में महाविद्यालय में अध्यापक–अभिभावक कार्यकारिणी का गठन किया गया | इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया :

| | |
|---|---|
| मुख्य सलाहकार | श्री गुलाब सिंह |
| अध्यक्ष | श्री पुरुषोतम राम |
| उपाध्यक्ष | श्रीमती पदमा देवी |
| सचिव | श्री कुशाल सिंह |
| सह-सचिव | श्री चिरंजी लाल |
| कोषाध्यक्ष | श्री डागु राम |
| AUDIT समिति | डॉ० प्रेम प्रकाश |
| सदस्य | श्री हेत राम , श्री धर्म सिंह (अभिवावक सदस्य )<br>श्री बोध राज , श्री लोमेश्वर (प्राध्यापक सदस्य) |

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में अभी तक लगभग 3000 पुस्तकें उपलब्ध हैं | इसके अलावा पुस्तकालय में हिंदी तथा अंग्रेजी में 04 दैनिक समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है | छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने व रोजगार अवसरों

की जानकारी के लिए चार मासिक पत्रिकाओं "प्रतियोगिता दर्पण", “योजना मासिक पत्रिका”, “डाउन टू अर्थ” और "Competition Success Review" पत्रिकाओं की व्यवस्था की गयी है |

# शिक्षण तर गतिविधियां

## i) हिंदी दिवस का आयोजन

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)के हिन्दी विभाग द्वारा 14 सितम्बर, 2019 को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया | इसमें महाविद्यालय के छात्रों ने काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया | इसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया,जिनका विवरण निम्नवत है:

a) **भाषण प्रतियोगिता :**

| क्रम | नाम | सेमेस्टर/ वर्ष | अनुक्रमांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुशाल चन्द | द्वितीय वर्ष | 18142 | 1st |
| 2 | चम्पा कुमारी | द्वितीय वर्ष | 18001 | 2nd |

b) **कविता पाठन :**

| क्रम | नाम | सेमेस्टर/ वर्ष | अनुक्रमांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिव्या | द्वितीय वर्ष | 18123 | 1st |
| 2 | गीतांजलि | पांचवा सत्र | 17085 | 2nd |

**c) प्रश्नोतरी प्रतियोगिता :**

| क्रम | नाम | सेमेस्टर/ वर्ष | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | भारतेंदु सदन (केसरी, भारती) | द्वितीय वर्ष | 1st |
| 2 | महाश्वेता सदन ( भावना , यमुना ) | पांचवा सत्र | 2nd |

**d) निबंध लेखन प्रतियोगिता**

| क्रम | नाम | सत्र/ वर्ष | अनुक्रमांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निशा | पांचवाँ सत्र | 17086 | 1st |
| 2 | गीतांजलि | पांचवाँ सत्र | 17085 | 2nd |

## ii) संविधान दिवस का आयोजन

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)के राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा 26 नवंबर, 2019 को सविधान दिवस का आयोजन किया गया | इसमें महाविद्यालय के छात्रों ने कविता वाचन व

भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया | इस आयोजन पर नशा मुक्ति और संविधान दिवस पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये | इसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया,जिनका विवरण निम्नवत है:

**a) भाषण प्रतियोगिता :**

| क्रम | नाम | सेमेस्टर/ वर्ष | अनुक्रमांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुशाल चन्द | द्वितीय वर्ष | 18142 | 1st |
| 2 | तृप्ता | द्वितीय वर्ष | 18012 | 2nd |

**b) कविता पाठन :**

| क्रम | नाम | सेमेस्टर/ वर्ष | अनुक्रमांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिव्या | द्वितीय वर्ष | 18123 | 1st |
| 2 | तृप्ता | द्वितीय वर्ष | 18012 | 2nd |

## iii) रेड रिब्बन क्लब (Red Ribbon Club)

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रेड रिब्बन क्लब इकाई का गठन किया गया | जिसमे 50 छात्र –छात्रायें इसके सदस्य हैं | इस क्लब का उदेश्य छात्रों में सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है | इस क्लब द्वारा 30 नवम्बर 2019 को अन्तराष्ट्रीय एड्स दिवस पर चित्र कला, नारा लेखन और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया |

## iv) रोवरज एंड रेंजरज

भारत स्काउट एंड गाइड के सौजन्य से महाविद्यालय में रोवरज और रेंजरज की इकाई गठित है | इसमें 24 छात्र रोवरज व 24 छात्राएं रेंजरज में पंजीकृत है | सत्र 2019-20 के लिए श्रेष्ठ रोवरज के लिए अरुण कुमार बी.ए.द्वितीय वर्ष और श्रेष्ठ रेंजरज के लिए सोनिया ठाकुर बी. ए. छठा समेस्टर को चयनित किया गया | रोवरज और रेंजरज की इकाई द्वारा वर्ष 2019-20 में निम्नलिखित गतिविधियां की गयी :–

i. महाविद्यालय के रोवरज और रेंजरज द्वारा 17 अगस्त, 2019 को परिसर में एक दिवसीय सफाई अभियान चलाया |
ii. राज्य स्तरीय युवा मंच के अंतर्गत महाविद्यालय के दो रोवर्स (दुनी चन्द और नेत्र सिंह ) और दो रेंजर्स (पूनम और डिम्पल कुमारी ) ने रिवाल्सर में 24 अगस्त 2019 से 28 अगस्त 2019 तक भाग लिया |
iii. रिवालसर में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के चार रोवर्स (अरुण कुमार , पूर्ण चन्द, गणेश कुमार और गुलाब सिंह ) और चार रेंजर्स (डोलमा, उमा,

योगिका और चुन्नू वर्मा ) ने 23 दिसम्बर 2019 से 27 दिसम्बर 2019 तक भाग लिया |

**iv.** राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए महाविद्यालय के तीन रेंजर्स (डोलमा कुमारी योगिका चौहान चुन्नू वर्मा) और दो रोवर (अरुण कुमार और गुलाब सिंह) ने भाग लिया | जिसमे रेंजर्स चुन्नू वर्मा ने हिमाचल प्रदेश रेंजर्स परेड का नेतृत्व किया |

## v) राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की Half Unit गठित है जिसमे 50 स्वयंसेवक पंजीकृत है |राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)की इकाई द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए श्रेष्ठ स्वयंसेवक महेश्वर छात्र वर्ग और कुसम लता छात्रा वर्ग का चयन किया गया | इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना(NSS)द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ करवाई गयी :-

**i.** राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)की इकाई द्वारा 21 जून 2019 को योग दिवस मनाया गया |

**ii.** राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की इकाई द्वारा 24 सितम्बर 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)दिवस मनाया गया |

**iii.** राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)की इकाई द्वारा 2 अक्टूबर 2019 को फिट इंडिया काम्पेंन का आयोजन किया गया |

**iv.** राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयंसेवक महेश्वर और योगेशा ने 25 सितम्बर से 28 सितम्बर 2019 तक राज्य स्तरीय सेवा कैंप महाविद्यालय करसोग में भाग लिया |

## vi) खेल-कूद प्रतियोगिता

खेल-कूद शिक्षा का अभिन्न अंग है | विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ खेलों का भी महत्व है | अतः शारीरिक व् बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होता रहता है | इसी कड़ी में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में महाविद्यालय की टीमों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भेजा गया व महाविद्यालय में भी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों नें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया |

### i. वॉलीबाल, खो-खो, एथेलेटिक्स, हैण्ड बॉल, नेट बॉल और कोर्फ बॉल प्रशिक्षण शिविर:

महाविद्यालय में खेल-कूद प्रतियोगिता को प्रोत्साहन देने के लिए विश्वविद्यालय के युवा एवं खेल-कूद विभाग के सहयोग से छात्रों के लिए महाविद्यालय परिसर में सात दिवसीय वॉलीबाल, खो-खो नेट बॉल और कोर्फ बॉल ,हैण्ड बॉल ,एथेलेटिक्स ,प्रशिक्षण शिविर लगाये गए | जिसमे शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक ने छात्रों को इन खेलों की बारीकियां सिखाईं व उन्हें अंतर- महाविद्यालय प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार किया |

ii. **वार्षिक खेल-कूद संगम**

महाविद्यालय में छात्र– छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में एक दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में 29 अगस्त,2019 को किया गया | इसमें छात्र छात्राओं ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड प्रतियोगिता, लम्बी कूद, ऊँची कूद, शॉट फूट और जैब्लिन थ्रो प्रतिस्पर्धाओं में छात्रों ने भाग लिया | इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में अजय कुमार और महिला वर्ग में सावित्री देवी को श्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया |

iii. **अंतर- महाविद्यालय प्रतियोगिता**

a. महाविद्यालय में प्रथम बार हिमाचल प्रदेश अन्तर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितम्बर 2019 को किया गया | जिसमे विभिन्न महाविद्यालय की महिला व् पुरुष वर्ग की 35 टीमों ने भाग लिया | इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया |
b. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अंतर- महाविद्यालय खो–खो (महिला वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय जोगिंदरनगर में 17–18 अक्टूबर 2019 को भाग लिया |
c. अंतर- महाविद्यालय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2019 तक किया गया | जिसमे महाविद्यालय के 18 छात्रों ने भाग लिया |
d. राज्य स्तरीय नेट बॉल वरिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन हमीरपुर के जाहू में 26-27 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया |
e. राज्य स्तरीय कोर्फ बॉल वरिष्ठ वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन हमीरपुर के भरेडी में 1-2 फरवरी 2020 को महाविद्यालय के तीन छात्रों ने भाग लिया |

## vii) सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियाँ:

### i. महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ (CSCA) सांस्कृतिक समारोह

महाविद्यालय के केंदीय छात्र संघ (CSCA) द्वारा सांस्कृतिक समारोह का आयोजन 05 मार्च और 06 मार्च, 2020 को किया गया | जिसमे उपमंडलाधिकारी थुनाग श्री सुरेन्द्र मोहन शर्मा इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे | इसमें छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता, कविता वाचन, एकल गीत, एकलनृत्य, समूह गान,पहाड़ी नाटी,युगल नृत्य,रंगोली प्रतियोगिता,मेहन्दी प्रतियोगिता व माडलिंग इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया | इस समारोह में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को आज के समारोह में सम्मानित किया जायेगा |

## महाविद्यालय पत्रिका

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "**सराजिका**" विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है | जो अंग्रेजी, हिन्दी,वाणिज्य, विज्ञान, पहाड़ी और योजना प्रबंधन विषय से सुसज्जित है | इस पत्रिका में छात्रों द्वारा सृजित लेखों को प्रकाशित किया जाता है | सत्र 2019-20 के लिए प्राध्यापक वर्ग व् छात्र वर्ग से निम्नलिखित मुख्य संपादक, संपादक व उप-संपादक बनाए गए :

**मुख्य संपादक:** **श्री सुरेश कुमार**

1. अंग्रेजी अनुभाग प्राध्यापिका संपादक : श्रीमती अनुपमा शर्मा
2. हिन्दी अनुभाग प्राध्यापक संपादकः श्री कुशाल सिंह
3. पहाड़ी अनुभाग प्राध्यापक संपादकः श्री ख्याल चंद
4. योजना अनुभाग प्राध्यापक संपादकः डॉ० प्रेम प्रकाश
5. विज्ञान अनुभाग प्राध्यापक संपादकः डॉ० मनीष कुमार
6. वाणिज्य अनुभाग प्राध्यापक संपादकः श्री देव राज

**छात्र-छात्रा संपादक**

| **क्रम** | **उप-संपादक** | **समेस्टर** | **अनुभाग** |
|---|---|---|---|
| 1 | टेक चन्द | BA 6thSem | अंग्रेजी |
| 2 | गीतांजली | BA 6thSem | हिन्दी |
| 3 | दीप कुमार | BA 6thSem | पहाड़ी |
| 4 | गंगा देवी | BA 6thSem | योजना |
| 5 | मनीष कुमार | B Sc. 1st Year | विज्ञान |
| 6 | हरिशा शर्मा | B Com 6th Sem | वाणिज्य |

# आभार

इससे पहले कि मैं अपनी वाणी को विराम दूँ, मैं अन्तर्मन की गहराईयों से एक बार फिर मुख्य-अतिथि आदरणीय श्री ऋग्वेद मिलिंद ठाकुर जी का इस समारोह में पधारने का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने अपनी व्यवस्थाओं के बाबजूद अपना बहुमूल्य समय विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए दिया और विभिन्न क्षेत्रो में अर्जित उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित हो कर हमें अनुगृहीत किया | मैं इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय प्रशासन, मीडिया वर्ग व अन्य अतिथिगण का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने हमें समय-समय पर अपना पूर्ण सहयोग दिया है | मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, केन्द्रीय छात्र परिषद, पी० टी० ए० प्रधान व कार्यकारणी सदस्यों, ओ. एस. ए. कार्यकारणी सदस्यों, अभिभावकों, प्राध्यापक वर्ग व सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया | मैं समस्त पुरस्कार विजेताओं को बधाई देता हूँ और अन्तिम सत्र के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ |

**"जय हिंद"**

दिनांक
07 मार्च, 2020

डॉ. वाई. पी. शर्मा
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय सराज
जिला मण्डी (हि. प्र.)